■ न्यूज गैलरी

साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का आज शुभारंभ करेंगे चन्द्राकर

रायपुर (नवप्रदेश)। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अजय चन्द्राकर धमतरी जिले के कुरूद खेल मेला मैदान में कल 13 जनवरी को दोपहर दो बजे साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। बोल-बम सेवा समिति कुरूद द्वारा कथा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कथा महोत्सव कार्यक्रम 19 जनवरी तक चलेगा। विश्वविख्यात भागवत भास्कर श्रद्धेय आचार्य श्री मृदुल कृष्ण जी महाराज कथा वाचन करेंगे।

तीन दिवसीय अंतरक्षेत्रीय कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

रायपुर (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के केन्द्रीय क्रीडा एवं कला परिषद द्वारा आयोजित इण्डोर गेम श्रेणी के तहत 03 दिवसीय अंतरक्षेत्रीय कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ आज 13 जनवरी 2018 को विधिवत किया जायेगा। पॉवर कंपनीज के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 150 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु नामांकन दर्ज करवाये है। प्रतियोगिता कुल 10 टीम के बीच संपन्न होगा। शतरंज स्पर्धा में महिला एवं पुरूष वर्ग में प्रतिदिन 5 राउंड खेला जाएगा। स्पर्धा का समापन समारोह 15 जनवरी को रनर व विजयी टीम को पुरस्कृत कर किया जाएगा। पॉवर होल्डिंग कंपनी के महाप्रबंधक (मानव संसाधन) देवाशीश नंदी के मागदर्शन में प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु समितियों का गठन किया गया हैं।

धर्म हमें जीने की कला सिखाता है : संजय

रायपुर (नवप्रदेश)। धर्म हमें जीने की कला सिखाता है। वहीं सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश प्रदान करता है। ये बातें गुरूवार को भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव ने यज्ञ स्थल धर्मनगरी कैलाश नगर बीरगांव में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद भागवत महापुरान सप्ताह ज्ञानयज्ञ के दौरान कही। उन्होंने आगे कहा कि आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ अध्यात्म की शिक्षा भी युवाओं को देनी चाहिए। अपने कर्तव्यों को समझना और दूसरों के कर्तव्यों में हस्तक्षेप नहीं करना ही धर्म है। भागवत कथा के सातों दिन सभी पहलुओं के श्रवणपान से मानव का जीवन धन्य हो जाता है।

भू-राजस्व संशोधन विधेयक वापस लेना कांग्रेस की जीत-पुनिया

रायपुर, (नवप्रदेश)। सरगुजा दौरे पर पहुंचे कांग्रेस प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा भू राजस्व संशोधन विधेयक वापस लिया जाना कांग्रेस की जीत है। श्री पुनिया ने कहा कि भू राजस्व बिल में संशोधन आदिवासी हितों पर प्रहार था जिसे कांग्रेस के लगातार प्रयास के बाद भाजपा सरकार को वापस लेने पर मजबूर होना पड़ा। इसे हम कांग्रेस की बड़ी जीत मानते हैं। इसके साथ ही श्री पुनिया ने आदिवासी नेताओं को मिठाई खिलाकर इस विधेयक के वापस होने पर खुशी मनाई।

कोटक महिन्द्रा बैंक में मिला 2.27 लाख के नकली नोट

रायपुर, (नवप्रदेश)। कोटक महिन्द्रा बैंक सिविल लाईन शाखा में 2.27 लाख का नकली नोट जमा करने वाले अज्ञात आरोपी के खिलाफ सिविल लाईन थाना पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। बैंक प्रबंधन की ओर से शिकायत की गई कि घटना दिनांक 8 फरवरी 2016 से 8 दिसंबर 2016 के मध्य कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड पुराना पुलिस मुख्यालय के पास सिविल लाईन में किसी अज्ञात आरोपी ने 1000, 500 और 100 रूपए के कुल 2 लाख 27 हजार रूपए का नकली नोट जमा किया।

गणतंत्र दिवस पर छह बहादुर बच्चों को मिलेगा राज्य वीरता पुरस्कार

रायपुर (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद ने वर्ष 2017-18 के राज्य वीरता पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। इन पुरस्कारों के लिए निर्णायक मंडल की अनुशंसा पर प्रदेश के 6 बहादुर बच्चों का चयन किया गया है जिन्हें गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को राजधानी रायपुर के पुलिस मैदान में आयोजित मुख्य समारोह सम्मानित किया जाएगा। इन बच्चों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए सूझबूझ और साहस से दूसरों की जान बचाई है। बच्चों को पुरस्कार में 15-15 हजार रूपए की नगद राशि, प्रशस्ति पत्र और चांदी के मेडल प्रदान किया जाएगा। कृषि मंत्री तथा राज्य वीरता पुरस्कार 2017-18 के निर्णायक मंडल के अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल की अध्यक्षता में रायं मंत्रालय में आयोजित बैठक में इन बच्चों का चयन पुरस्कारों के लिए किया गया।

इन बच्चों को मिलेगा पुरस्कार

कृष्णा सेंठिया , जगदलपुर
प्रशांत सिदार, रायगढ़
कुमारी खुशी साहू - रायपुर
कु. खेमलता साहू - ग्राम सौंगा (धमतरी)
रितिक साहू और झमेन्द्र साहू - रायपुर

चार्ज लेते ही नए एसपी ने कहा ट्रैफ्रिक बड़ी चुनौती

रायपुर, (नव प्रदेश)

राजधानी के नए नवेले पुलिस अधीक्षक अमरेश मिश्रा ने शुक्रवार को अपना पदभार ग्रहण करते ही कहा, राजधानी में अव्यवस्थित ट्रैफ्रिक सबसे बड़ी चुनौती है। दरअसल नए एसपी श्री मिश्रा आज 12 बजे एसपी दफ्तर पहुंचकर चार्ज लिया है। अमरेश मिश्रा ने चार्ज लेते ही कहा कि राजधानी में ट्रैफिक एक बड़ी चुनौती है जिसका हल निकालने की पूरी कोशिश करेंगे।

रणनीति वही बस तरीका बदलेगा

अमरेश मिश्रा ने राजधानी के लिए कोई अलग कार्ययोजना बनाने की बात से इंकार करते हुए कहा कि पुरानी योजनाओं के तहत ही काम किया जायेगा, काम करने की रणनीति वही रहती है, बस व्यक्ति और जरूरतों के हिसाब से काम करने का तरीका बदल जाता है।

पुराने एसपी का लिया आशीर्वाद

नए एसपी अमरेश मिश्रा ने पुराने एसपी डॉ. संजीव शुक्ला को अपने बड़े भाई मानते हुए न सिर्फ उनका आशीर्वाद लिया, बल्कि उन्होंने कहा संजीव शुक्ला मेरे बड़े भाई के समान है और उनका आशीर्वाद सदैव मिलता रहा है।

उपलब्धि का श्रेय टीमवर्क : संजीव शुक्ला

संजीव शुक्ला ने रायपुर एसपी का पद छोड़ते हुए कहा कि उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि उनकी टीम रही। जिसमें सभी एडिशनल एसपी, सीएसपी और थाना प्राभारियों ने मिलकर हर चुनौतियों का सामना किया। संजीव शुक्ला ने कहा कि अमरेश मिश्रा काफी अनुभवी अफसर हैं और राजधानी में वो बेहतर काम करेंगे।

सीरियल किलर उदयन दास को रायपुर कोर्ट में किया गया पेश, आरोप तय

रायपुर, (नव प्रदेश)

भोपाल में अपने बिना शादी किये हुए पार्टनर आकांक्षा और रायपुर में अपने मां-बाप की हत्या कर घर में दफन करने वाला सीरियल किलर उदयन दास को आज रायपुर कोर्ट में पेश किया गया जहां उस पर माता पिता की हत्या का आरोप तय किया गया। साथ ही, 61 गवाहों की सूची भी पेश की गई। मामले की अगली सुनवाई अब 28 फरवरी को होगी।

पश्चिम बंगाल की जेल में बंद किलर उदयन को स्पेशल प्रोटक्शन वारंट पर बंगाल पुलिस रायपुर लेकर पहुंची थी। उसे यहां माता पिता के हत्या के मामले में अदालत में पेश किया गया। उस पर प्रापर्टी धोखाधड़ी का भी मामला दर्ज है। उसके खिलाफतीन राज्यों में केस दर्ज है।

लालच की दास्तां बया करती कलयुगी पुत्र

उदयन उस समय पुलिस के हाथ लगा जब अपनी प्रमिका के मडर केस में अरेस्ट हुआ था। आपको बता दें कि करीब 8 साल पहले उदयन ने रायपुर के सुंदर नगर में अपने माता-पिता की गला घोंटकर हत्या करने के बाद उन्हें घर पर ही गड्ढा खोदकर दफना दिया था। फिर उस मकान को झुठी पॉवर ऑफ अटॉर्नी के जरिए बेच भी दिया था। साथ ही अपनी मां का फर्जी डेथ सर्टिफिकेट बनाकर उनकी पेंशन समेत प्रॉपर्टी का मालिकाना हक लिया था। उसके बाद भोपाल में अपनी गर्लफ्रेंड को धोखा दिया और उसकी लाश को घर पर ही ठिकाने लगा दिया था।

संगम ट्रेडर्स के संचालक ने ग्राहकों को आकर्षक लालच देकर फंसाया

■ 5 लाख 68 हजार लेकर हुआ फरार, दुकान सील

रायपुर, (नव प्रदेश)

राजधानी के रामनगर स्थित संगम ट्रेडर्स के संचालक द्वारा 50 पर्सेंट का आकर्षक ऑफर देकर सैकड़ों लोगों से लाखों रुपए ठगकर भाग निकला। दरअसल यह बात तब सामने आई जब पीड़ित व्यक्ति को निर्धारित समय पर उसका सामान नहीं मिला बल्कि दुकान बंद दिखा तब वह पुलिस के पास पहुंचा। गुढ़ियारी थाना प्रभारी नासीर बाठी के जानकारी के मुताबिक प्रार्थी नृनी चौक निवासी ईमरान अजीज वेग ने रिपोर्ट दर्ज कराया। आरोपी संगम ट्रेडस के संचालक वेंकैया नायडु, पीके रवि ने रामनगर में विभिन्न प्रकार के सामान की दुकान खोलकर बैठा था। जैसे-जैसे ग्राहक आते थे, वह उसे 50 फीसदी का आकर्षक आफर देता था। लोग उसके झांसे में आ गए, इस तरह एक-एक करके सैकड़ों ग्राहकों ने उसे सामान की कीमत का आधा रुपए एडवांस में जमा किया। इस तरह किसी ने 5 हजार रुपए एडवांस दिया तो किसी ने 10 हजार रुपए दिए।

शातीर तरीकों से फंसाते थे ग्राहक

पुलिस की माने तो दोनों आरोपी बड़े शातीराना अंदाज से ग्राहकों को फंसाते थे। ग्राहकों से एडवांस लेने के 12 से 15 दिनों के अंदर सामान पहुंचाने की बात किया। पहले पहल तो 2-4 ग्राहकों को ठीक अवधि में सामान पहुंचाया, ताकि अन्य ग्राहक झांसे में आ जाए। अपने प्लान के मुताबिक हुआ भी वही। इस तरह करीब साढ़े तीन से चार सौ ग्राहकों ने पैसा जमा भी किया। ग्राहक निर्धारित समय पर जब अपना सामान लेने दुकान पहुंचा तो दुकान में ताला देखकर वे पुलिस के पास पहुंचे।

शादी घर को बनाता था टारगेट

अधिकांश ग्राहकों बड़ी रकम जमा किया था। पुलिस अधिकारी की माने तो संगम ट्रेडर्स के दोनों तत्र शादी वाले घर को टारगेट किया था। दरअसल शादी घर में हमेशा बड़ी खरीददारी हुआ करती है, इसलिए आरोपी ने ऐसे घर को अपना लक्ष्य बनाया था। कई ग्राहकों 15 से 20 हजार रुपए या उससे अधिक की राशि जमा करवाया है।

> आरोपी फरार है, परंतु दुकान को सील कर लिया गया है। अभी तक सैकड़ों ग्राहकों से जो रकम लिया है उसका कुल हिसाब 5 लाख 68 हजार रुपए है। आगे जैसे और ग्राहक शिकायत लेकर पहुंचेंगे यह राशि बढ़ जाएगा।
>
> **नासीर बाठी,** थाना प्रभारी, गुढ़ियारी

वन मंत्री महेश गागड़ा ने किया कॉल सेन्टर का उद्घाटन

रायपुर (नवप्रदेश)

वन मंत्री महेश गागड़ा ने राजधानी रायपुर के देवपुरी में एक सौ सीटर कॉल सेन्टर (बीपीओ) का उद्घाटन किया। भारत सरकार के सूचना एवं प्रोद्यौगिकी मंत्रालय की एसटीपीआई योजना के अंतर्गत इसका संचालन किया जा रहा है। एसटीपीआई योजना के अंतर्गत स्थानीय रोजगार सृजित करने की योजना के अंतर्गत इस कॉल सेन्टर के जरिए मध्यम एवं लघु उद्योग क्षेत्र, बैंकिंग क्षेत्र के अलावा सरकारी योजनाओं की सुविधा मिलेगी। समारोह की अध्यक्षता रायपुर ग्रामीण विधायक श्री सत्यनारायण शर्मा ने की। रायपुर निगम के महापौर श्री प्रमोद दुबे विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कॉल सेन्टर का संचालन माईलस्टोन सॉफ्टटेक कम्पनी द्वारा किया जाएगा। सभी अतिथियों ने कॉल सेन्टर खोलने का स्वागत करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए इसे महत्वपूर्ण बताया। संस्था के सीईओ श्री जिया उल हक ने सेन्टर द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी देते हुए स्वागत भाषण दिया।

हरियाली प्रसार योजना : वानिकी विस्तार के नाम पर केवल बंदरबांट : कांग्रेस

रायपुर (नवप्रदेश)

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता मो. असलम ने कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य में आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के कृषकों की आय में वृद्धि, राज्य में वनों के जैविक दबाव को खत्म करने और कृषि वानिकी को बढ़ावा देकर लकड़ी के उत्पादन में वृद्धि के उद्देश्य से हरियाली प्रसार योजना वर्ष 2005 से प्रारंभ की गई है। इस योजना को प्रारंभ करने के पहले यह भी सोच थी कि लोगों को जरूरी उपयोगी लकड़ी, जलाऊ और पेपर एवं पल्प हेतु आवश्यक कच्चे माल की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके। अब तक इन 13 वर्षों में केवल इसी योजना में ही लगभग 9 करोड़ 94 लाख 82 हजार पेड़ छत्तीसगढ़ में लगाए गए हैं। कम वन क्षेत्र वाले जिला दुर्ग, बेमेतरा, रायपुर, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, मुंगेली, बालोद, महासमुंद में वृक्षारोपण का अधिक लक्ष्य रखा गया है। सैकड़ों करोड़ इस योजना में खर्च किए जा चुके हैं, पर जिन उद्देश्यों को लेकर इस योजना को प्रारंभ किया गया, उसकी पूर्ति नहीं हुई है। न पड़त भूमि का विकास हुआ है और न ही रोजगार का सृजन हुआ है। आदिवासियों की आय में कोई वृद्धि नहीं हुई है न ही पर्यावरण में सुधार हुआ है। केवल वानिकी विस्तार के नाम से बंदरबाट हुआ है, कमीशनखोरी की गई है और इस योजना से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिला है। तेरह वर्षों में लगाए गए लगभग 10 करोड़ पौधों में आधे वृक्ष भी स्थल में कहीं सुरक्षित नहीं मिल रहे हैं। इस योजना से आदिवासी एवं अन्य पिछड़े वर्गों की आय में वृद्धि तो नहीं हुई अपितु इस योजना को क्रियान्वित करने वाले लोगों की आय में अवश्य बढ़ोत्तरी हुई है। सागौन, खम्हार, बांस, नीलगिरी, शीशु, सिरस, आंवला जैसे उपयोगी पेड़ एवं कटहल, नीबू, शरीफ, मुंगना, अमरूद जैसे फ्लदार ग्राफ्टेड पौधे कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता मो. असलम ने कहा है कि हरियाली प्रसार योजना में ही 10 करोड़ पौधे लगाए गए हैं जबकि राज्य के वन विभाग एवं केंद्र की योजना को शामिल कर लें तो विगत 10 वर्षों में छत्तीसगढ़ में लगभग 25 करोड़ पौधे लगाए गए हैं। ऐसी स्थिति में क्या वजह है कि न वन क्षेत्रों में जंगल सघन हुए हैं न मैदानी इलाकों में सरकार द्वारा प्रयास के बावजूद कहीं पेड़ों में वृद्धि नजर आ रही है।

सीजेआई की निष्ठा पर आरोप अकल्पनीय : रिजवी

रायपुर, (नव प्रदेश)। जकार्ता के मीडिया प्रमुख एवं वरिष्ठ अधिवक्ता इकबाल अहमद रिजवी ने सुप्रीम कोर्ट के चार जजो के द्वारा सीजेआई के विरूद्ध लगाये गये आरोप गंभीर एवं अकल्पनीय है। इस घटना ने न केवल न्यायिक जगत वरण सम्पूर्ण देश को शर्मसार कर दिया है। चार जजों के द्वारा लगाये गये आरोपों पर केन्द्र के कानून मंत्री रविशकंर प्रसाद जो स्वयं सुप्रीम कोर्ट के वकील भी है उन्हें आरोपो पर प्रतिक्रिया तत्काल देना चाहिए। आरोपे के तहत सीजेआई की निष्ठा संदेह की परिधि में आ गई है। रिजवी ने अपने 50 वर्षों के न्यायिक एवं वकालती अनुभव पर कहा कि किसी भी सीजेआई की निष्ठा पर सुप्रीम कोर्ट के ही 4 जजों द्वारा लगाये गये आरोप गंभीर है। आरोपों की तह तक जाकर सत्यता का पता लगाने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड सीजेआई की अध्यक्षता में जांच आयोग का गठन मेरी व्यक्तिगत राय में आवश्यक प्रतीत होता है, ताकि दूध का दूध और पानी का पानी जनता के समक्ष आ सके। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आयोग को तय समय सीमा के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का जाना उपयुक्त होगा क्योंकि इन आरोपों से न्यायपालिका की छवि पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। जिसका निराकरण न्यायिक हित में अति आवश्यक है।

प्रदेश के हर जिले में जाएगी चलित विज्ञान प्रदर्शनी

■ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद ने राजधानी रायपुर से की शुरूआत

रायपुर, (नव प्रदेश)

स्कूली बच्चों में विज्ञान के प्रति अधिक से अधिक दिलचस्पी जागृत करने के लिए राज्य सरकार की संस्था 'छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद' ने 'पहिये पर विज्ञान' शीर्षक से चलित विज्ञान प्रदर्शनी की शुरूआत कर दी है। यह प्रदर्शनी राज्य के सभी जिलों में जाएगी। परिषद के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि विज्ञान को जन-जन तक पहुंचाना और नई पीढ़ी में वैज्ञानिक सोच विकसित करना इसका मुख्य उद्देश्य है। यह प्रदर्शनी राज्य के हर जिले में जाएगी।

उन्होंने बताया कि राजधानी रायपुर के कोटा स्थित शासकीय मिडिल स्कूल और महोबाबाजार स्थित नगर निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में चलित विज्ञान प्रदर्शनी को बच्चों और शिक्षकों ने काफी उत्साह के साथ देखा। दोनों स्कूलों में कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के 625 बच्चों और अध्यापकों ने प्रदर्शनी में रखे गए विज्ञान के मॉडलों के प्रति गहरी दिलचस्पी देखी गई। सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने प्रदर्शनी की तारीफ की। परिषद के वैज्ञानिक अखिलेश त्रिपाठी ने इस अवसर पर सरल भाषा में बच्चों की जिज्ञासाओं का समाधान किया।

ई-लाइब्रेरी का अधिक प्रयोग करें विद्यार्थी : डॉ. पाटील

डिजिटल लाइब्रेरी के सुदृढीकरण पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

रायपुर, (नव प्रदेश)

कृषि विवि के कुलपति डॉ.एसके पाटील ने कहा है कि आज का युग ज्ञान का युग है, ज्ञान के बिना हम किसी भी क्षेत्र में सफल नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के विकास ने ज्ञान तक हमारी पहुंच आसान कर दी है। इंटरनेट के माध्यम से हम कभी भी और कहीं भी सूचनाएं और जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं। ई-लाइब्रेरी और डिजिटल लाइब्रेरी के माध्यम से विद्यार्थियों को उनके पाठ्यक्रम से संबंधित विषयवस्तु अब आसानी से उपलब्ध होने लगी हैं।

डॉ. पाटील आज विवि के सभागार में डिजिटल लाइब्रेरी के सुदृढ़ीकरण पर आयोजित एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ पर कहे। उन्होंने कहा विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम एवं शोध कार्य से संबंधित विषयवस्तु के लिए आईसीएआर-आईएआरआई द्वारा विकसित ई-ग्रंथ एवं कृषि कोष जैसे ई पोर्टल का उपयोग करने चाहिए। डॉ. पाटील ने कहा कि डिजिटल एवं ई-लाइब्रेरियों के विकास से अब यह कार्य काफी आसान हो गया है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. के. वीरजनायलू अध्यक्ष कृषि पुस्तकालयाध्यक्ष संघ, हैदराबाद ने ई-ग्रंथ एवं कृषि कोष परियोजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा ई-लाइब्रेरी एवं डिजिटल लाइब्रेरी पर केन्द्रित पुस्तिकाओं का विमोचन भी किया गया।